**University in Media 22.02.2024**

# अनु लाठर दोबारा बनीं AUD की वीसी

**विस, नई दिल्ली :** प्रो अनु सिंह लाठर एक बार फिर से बी आर आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली (एयूडी) की वाइस चांसलर नियुक्त हुई हैं। 22 फरवरी 2019 को शुरू हुआ उनका टर्म पिछले महीने ही खत्म हुआ था। अब उन्हें दिल्ली के एलजी वी के सक्सेना ने वीसी पद पर दोबारा नियुक्ति के लिए मंजूरी दी है। प्रो अनु लाठर इससे पहले दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में प्रो वाइस चांसलर रह चुकी हैं। प्रो लाठर यूजीसी, एआईसीटीई, डीईसी, नैक, एनबीए, एचआरडी मिनिस्ट्री में भी कई पदों में रह चुकी हैं।



# अबंडेकर विवि की पुनः कुलपति बनीं प्रो अनु लाठर

नई दिल्ली। अबंडेकर विश्वविद्यालय (एयूडी) की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर एक बार फिर से विश्वविद्यालय की कुलपति बनी हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल एवं डॉ. बीआर. अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली (एयूडी) के कुलाधिपति विनय कुमार सक्सेना ने एयूडी कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर को आगामी कार्यकाल के लिए पुनः नियुक्त कर दिया है। प्रो. लाठर 2019 से एयूडी के कुलपति पद पर कार्यरत हैं।

प्रो अनु इससे पहले दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रो वाइस चांसलर थी। उन्होंने 22 फरवरी, 2019 को एयूडी के दूसरे कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण किया था। वह यूजीसी, एआईसीटीई, डीईसी, राष्ट्रीय मूल्यांकन और मान्यता परिषद (एनएएसी), राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) के साथ भी विभिन्न पदों पर जुड़ी हैं। वह ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका संवर्धन सोसायटी के शासी निकाय की सदस्य भी हैं।

प्रो. लाठर ने मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर और मानव संसाधन प्रबंधन में एमबीए किया हैं। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से मानव संसाधन प्रबंधन और मनोविज्ञान में पीएचडी प्राप्त की। प्रो. अनु सिंह लाठर ने अपने शैक्षणिक करियर की शुरुआत गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार (हरियाणा) से की थी। ब्यूरो

# प्रो. अनु लाठर दोबारा बनीं एयूडी की कुलपति

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** डा. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली (एयूडी) की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर के कार्यकाल को आगे बढ़ा दिया गया है। उपराज्यपाल और एयूडी के कुलाधिपति वीके सक्सेना ने प्रो. अनु सिंह लाठर को एक बार फिर कुलपति नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। प्रो. लाठर 2019 से एयूडी के कुलपति पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वह वह डीटीयू की प्रो वाइस चांसलर थीं। प्रो. लाठर यूजीसी, एआइसीटीई, डीईसी, राष्ट्रीय मूल्यांकन और मान्यता परिषद (एनएएसी), राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) के साथ भी विभिन्न पदों पर जुड़ी हैं।



प्रो. अनु सिंह लाठर